हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 21 अक्टूबर 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 विधि-विधान से हुई शस्त्र पूजा, मंत्री ने पुलिस बल के अनुशासन...



05 नम आंखों से मां भगवती को दी विदाई



शारदीय नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन, माता को दी नम आंखों से विदाई

विश्व प्रसिद्ध सिद्ध तांत्रिक पीठ बगलामुखी मंदिर पर ज्वारे की बाड़ी का विसर्जन

अलौकिक दृश्य के दर्शन एवं मां के आशीर्वाद के लिए हजारों की संख्या में नगरवासियों के साथ बड़ी संख्या महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित रहे।

परंपरा अनुसार नगर की सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए हुआ हवन, घरों पर भी पूजन के साथ कन्या भोज के आयोजन हुए।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्ध तांत्रिक पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन नवमी पर्व पर मां के समक्ष परंपरा अनुसार होने वाला हवन तथा ज्वारे की बाड़ी का विसर्जन कार्यक्रम हुआ। पर्व का अंतिम दिन होने से मंदिर पर भक्तों का सैलाब अपने चरम पर रहा। देश सहित प्रदेश के कई स्थानों से हजारों की संख्या में भक्त मां के दरबार में मनोकामना पूर्ति हेतु पहुंचे। जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विशेष हवन अनुष्ठान भी किया गया। मंदिर समिति द्वारा इस दिन दोपहर 12 बजे तक ही हवन कार्य की अनुमति दी गई थी।

शारदीय नवरात्रि पर्व के अंतिम दिवस सोमवार को माता मंदिर पर भक्तों की आस्था चरम पर रही। हजारों की संख्या में देश के कई स्थानों से माता भक्त मां के प्रति अपनी आस्था के चलते मंदिर पर पहुंचे। जहां उन्होंने माता रानी के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर अपनी मनोकामना मां के समक्ष रखी। मंदिर पर भक्तों का आना जाना सुबह से देर शाम तक लगा रहा। विशेष पर्व तिथि होने से मां के गर्भ गृह के साथ पूरे दरबार को भी आकर्षक रूप से सजाया गया था। वही माता रानी का भी मनोहारी स्वर्ण श्रृंगार किया गया था।

शारदीय नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन सोमवार को नवमी पर सुबह से देर रात्रि तक परंपरा अनुसार विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए मां के समक्ष परंपरा अनुसार होने वाला हवन तथा ज्वारे की बाड़ी का विसर्जन कार्यक्रम हुआ।

प्रातः कालीन आरती के साथ मंदिर के पुजारी परिवार द्वारा हवन किया गया। वहीं परंपरा अनुसार नगर के गामोठ परिवार द्वारा माता रानी की प्रथम पूजा अर्चना कर मां के समक्ष भोग लगाया गया। देर शाम परंपरा अनुसार नगर के पटेल परिवार द्वारा नगर की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना लेकर माता के समक्ष हवन किया। इसके पश्चात माता की संध्याकालीन आरती हुई तथा मां के समक्ष घट स्थापना के साथ बोए गए ज्वारे की बाड़ी पुजारी गोपालदास जी पंडा द्वारा उठाई जाकर चल समारोह के रूप में मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी पर ज्वारे का विधि विधान के साथ विसर्जन व लखुंदर मैया की आरती की गई। इस दौरान माता मंदिर परिसर तथा लखुंदर नदी तट माता के जयकारों से गूंजता रहा। इस अलौकिक दृश्य के दर्शन एवं माँ के आशीर्वाद के लिए हजारों की संख्या में नगरवासियों के साथ बड़ी संख्या महिलाएं एवं ग्रामीण आयोजन स्थल पर उपस्थित रहे। धार्मिक आयोजन के तहत पुलिसकर्मी भी व्यवस्था संभालते नजर आए। ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो





पर्व के नौ दिनों में चार लाख से अधिक भक्त पहुंचे

नवरात्रि पर्व के नो दिनों के दौरान लगभग चार लाख से अधिक भक्त माता के दरबार में पहुंचे। जहां घंटों तक लाइन में खड़े रहकर भी मां के दर्शन कर अपने आप को धन्य समझ रहे हैं। पर्व के दिनों में तहसील क्षेत्र सहित जिले के कई स्थानों से चुनर यात्राओं का आगमन भी मंदिर पर हुआ। जिसमें हजारों भक्तों ने शामिल होकर मां के चरणों में शीश नवा कर चुनर समर्पित की। नवरात्रि महा पर्व के दौरान प्रतिदिन मंगला आरती प्रातः 6:00 बजे व संध्याकालीन आरती शाम 7:30 बजे होती। आरती के दौरान ढोल नगाड़ों, घंटे घड़ियाल की गूंज के साथ भक्त माता की भक्ति में रमकर झूमने को मजबूर हो रहे हैं। आरती के पश्चात पूरा मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजायमान हो रहा है। नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर माता रानी की संध्याकालीन आरती रात्रि 9 बजे उपरांत हुई।

घरों पर भी माता की पूजा व कन्या भोज हुआ

नवरात्रि पर्व के अंतिम दिवस नवमी पर नगर के कई घरों पर माता रानी की पूजा अर्चना कर परिवार में सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर पूजा की गई। वहीं कई घरों में कन्या भोज का कार्यक्रम भी हुआ परिवार जनों द्वारा कन्या पूजन कर कन्याओं को उपहार भी प्रदान किए गए।

नवदुर्गा पंडाल से निकाले गए चल समारोह

माता की प्रतिमाओं के विसर्जन व चल समारोह से धर्ममय हुआ शहर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शारदीय नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन नगर के विभिन्न मोहल्लों से जहां मां दुर्गा की प्रतिमा को विराजित किया गया था। उक्त सभी स्थानों से प्रतिमाओं के चल समारोह रात्रि में निकाले गए। चारों दिशाओं से माता प्रतिमाओं के निकले इन चल समारोह से पूरे नगर का वातावरण धर्ममय दिखाई देने लगा। चल समारोह में शामिल बालिकाएं डांडिया पर गरबा रास करती हुई चल रही थी। वही डीजे पर बज रहे माता रानी के भजनों पर भक्त जमकर थिरक रहे थे। नवरात्रि पर्व पर नगर के विभिन्न स्थानों पर माता प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। जहां पर पर्व के दिनों में भक्तों द्वारा भक्ति भाव पूर्वक माता रानी की आराधना की वहीं रात्रि में बालिकाओं द्वारा डांडिया खेल कर विभिन्न मुद्राओं में गरबा रास भी किए गए।



आस्था के आंगन से माता की विदाई

पर्व के अंतिम दिन सोमवार नवमी पर आस्था के आंगन से माता की विदाई हुई। नगर के मुखर्जी मार्ग, रामपुरा मोहल्ला, डोकरपुरा सहित लगभग 8 से 10 स्थानों पर एक से बढ़कर एक सुंदर विशालकाय माता प्रतिमाओं को विराजित किया गया था। सोमवार रात्रि को शुभ मुहूर्त में भक्तों द्वारा पूजा -अर्चना व आरती कर नगर में प्रतिमाओं के चल समारोह निकाले गए। सभी निकाले गए चल समारोह में आगे-आगे बालिकाएं डीजे बैंड तथा ढोल की थाप पर डांडिया खेलते हुए गरबा करती हुई चल रही थी। प्रमुख मार्गो से होते हुए माता प्रतिमाओं के चल समारोह प्रतिमा विसर्जन हेतु मां बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी तट पर पहुंचें। जहां विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर इन प्रतिमाओं का विसर्जन लखुंदर नदी में किया गया।

राज्यसभा सांसद गुर्जर व नपाध्यक्ष ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर



राज्यसभा सांसद एवं भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर व नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कल विजयादशमी पर्व पर रामघाट परिसर में पहुँचकर जलप्रदाय शाखा के द्वारा आयोजित उपकरण पूजन में विधि विधान से पूजा अर्चना की। प्रतिवर्ष रामघाट परिसर में जलप्रदाय शाखा के अधिकारीगण कर्मचारीगण प्रतिदिन अपने उपयोग में आने वाले उपकरणों की विजयादशमी पर्व पर पूजा अर्चना करते हैं तथा प्रभु श्रीराम की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। कल इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए जल प्रदाय शाखा के कर्मचारियों के द्वारा पूजन का कार्यक्रम रामघाट परिसर में आयोजित किया गया इसके पूर्व रामघाट परिसर में ही गैरेज शाखा के कर्मचारियों के द्वारा विजयादशमी पर्व पर पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने माँ कालका की पूजा की तथा उनकी आरती की। इन दोनों कार्यक्रमों में नपा जलकार्य सभापति निलेश जैन, लोकनिर्माण सभापति निर्मला नरेश चंदवानी, पार्षदगण सुनीता भावसार, सुनीता गुजरिया, राकेश भावसार, पं. अरुण शर्मा, विक्रम भैरवे, बब्बू पमनानी, सीएमओ प्रेमकुमार सुमन, नपा कार्यपालन यंत्री पी.एस. धारवे, नपा कर्मचारीगण राजेन्द्र नीमा, जाकिर भाई सहित दोनों शाखाओं के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भानपुरा में भव्य पथ संचलन निकला

चुनौतियों के ढेर पर हम खड़े हैं जिन्हें हमें ही समाप्त करना है: राजेंद्र गंधर्व बौद्धिक प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानपुरा/मंदसौर





नगर भानपुरा में दशहरा पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 101 वर्षीय स्थापना के अवसर पर संघ द्वारा भव्य रूप से पथ संचलन निकल गया। पथ संचलन के दौरान नगर में अनेक स्थानों पर नगर वासियों ने स्वयंसेवकों पर कुछ वर्ष की। कृषि उपज मंडी भानपुरा में आयोजित दशहरा पर्व के अवसर पर बौद्धिक जिला प्रमुख राजेंद्र गंधर्व ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है, राम तत्व की संघर्ष तत्व है एवं हिंदुत्व ही राष्ट्रीयता है, हमें मिले मानव जीवन के क्षण-क्षण एवं पल-पल हम राष्ट्र, भारतीय संस्कृति व राष्ट्रीयता के लिए समर्पित करें। आपने कहा कि देश आज अनेक चुनौतियों के ढेर पर खड़ा है देश में नफरत बढ़ रही है जिसे संघ को समाप्त करना है, आज जनसंख्या विस्फोट हो रहा है, भाइयों में छोटे से जमीन के टुकड़े के लिए मार्केट मची है मोबाइल आवश्यकता है परंतु इसकी लत हमारे भविष्य को चौपट कर रही है प्लास्टिक का प्रकोप बढ़ रहा है आज संयुक्त परिवार की अवधारणा टूट रही है एवं वृद्ध आश्रम ऑन बढ़ रहे हैं 16 संस्कारों में शामिल विवाह व अंत्येष्टि फटाफट मना कर निवृत होना चाहते हैं। विद्यालयों में मनमोहन घंटी की आवाज अब सायरन का रूप ले रही है कैसी अनेक चुनौतियां सामने खड़ी है। अपने अनेक विषयों पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति शिक्षक एवं सुंदरकांड तथा रामलीलाओं में उम्दा रोल करने वाले जगदीश पुरोहित एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड प्रमुख दिनेश धाकड़ कार्यक्रम के अतिथि मंचासीन थे।

जीवन में गुरु की महत्ता समझो: मुनिराज विरलविजयजी

मंदसौर। नवकार महामंत्र के नव पदों में पहले दो पद अरिहंत व सिद्ध अर्थात देवों के हैं लेकिन बाद के तीन पद गुरु के हैं जीवन में गुरु की महत्ता के कारण ही गुरु को नवकार महामंत्र के तीन पदों में स्थान मिला है मनुष्य को अपने जीवन में गुरु की महत्ता समझना चाहिये। उक्त उद्गार प.पू. जैन संत मुनिराज श्री विरलविजयजी म.सा. ने नई आबादी स्थित आराधना भवन में कहे। आपने मंगलवार को नवपदजी की ओली के तृतीय दिवस गुरुपद की महत्ता बताते हुए कहा कि नवकार के तीसरे पद में आचार्य पद की महत्ता बतायी है जीवन में गुरु के बिना उद्धार नहीं है गुरु में श्रेष्ठ आचार्य को माना गया है जिनके पास आचार्य पदवी है वे आदरणीय हैं जीवन में धर्म व देवों की महत्ता गुरु ही बताते हैं इसलिये जीवन में गुरुजनों का आदर समझो कभी उनकी आज्ञा की अवहेलना मत करो जीवन में हम सभी मोक्ष प्राप्त करना चाहते हैं लेकिन मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग क्या है वह हमें गुरु ही बताता है जीवन में हम कभी गुरु आज्ञा की अवहेलना मत करो धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाये उपस्थित थे।

नगर वासियों के साथ मातृशक्ति ने पुष्प वर्षा कर जगह-जगह किया स्वागत

विजयादशमी पर्व पर अनुशासन का पाठ पढ़ाते निकले नगर में दो पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा







विजयादशमी के अवसर पर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको के दो स्थानों से प्रभावी पथ संचलन निकले। दोनों पथ संचलन में स्वयंसेवक अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुवे घोष वादन के साथ कदमताल करते चल रहे थे। संचलन का नगर में स्थान-स्थान पर नगर वासियों तथा चौक बाजार में राष्ट्र सेविका संघ की मातृशक्ति द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार प्रातः नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की केशव बस्ती व माधव बस्ती के स्वयंसेवको के अलग-अलग विशाल प्रभावी पथ संचलन निकले। केशव बस्ती का संचलन तहसील रोड स्थित सागर विद्या निकेतन से एवं माधव बस्ती का संचलन हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण से प्रारम्भ हुआ। दोनों संचलन में घोष बैंड के साथ ध्वज वाहिनी, दंड वाहिनी शामिल थी। दोनों संचलन अपनी अपनी बस्ती के प्रमुख मार्गों से होते हुवे समापन स्थल पर पहुंचे। संचलन मार्ग पर नगरवासियों के साथ ही चौक बाजार में राष्ट्र सेविका संघ की मातृशक्ति द्वारा पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वागत किया गया।

शस्त्र पूजन कार्यक्रम हुआ- दोनों स्थानों पर प्रातः 8.30 बजे स्वयंसेवको का एकत्रीकरण हुआ। जहाँ संचलन के पूर्व वक्ताओं द्वारा स्वयंसेवको का मार्गदर्शन किया गया। केशव बस्ती के स्वयसेवकों का आगर जिला कार्यवाह मनीष शर्मा एवं माधव बस्ती के स्वयसेवकों का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत न्यास प्रमुख गोपाल डेराड़ी द्वारा मार्गदर्शन किया गया। वक्ताओं द्वारा चलाये जा रहे पंच परिवर्तन के माध्यम से भारत को विश्व गुरु बनाने में स्वयसेवकों से अपना योगदान देने का आव्हान किया गया। जिसके पश्चात शस्त्र पूजन का कार्यक्रम हुआ। केशव बस्ती के पथ संचलन का समापन सागर विद्या निकेतन में हुआ वही माधव बस्ती के संचलन का जायसवाल कॉलोनी स्थित माधव कुंज पर हुआ।

विजयादशमी पर पुलिस थाने में विधि-विधान से हुआ शस्त्र पूजन



नलखेड़ा। विजयादशमी के पावन अवसर पर मंगलवार को स्थानीय पुलिस थाना परिसर में परंपरानुसार शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी व पुलिस जवानों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शस्त्रों का पूजन किया तथा एक-दूसरे को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में थाना प्रभारी शशि उपाध्याय सहित अन्य पुलिस अधिकारी तथा पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे। पंडित अशोक शर्मा द्वारा विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ शुभ मुहूर्त में शस्त्र पूजन की धार्मिक रस्में संपन्न कराई गईं। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परंपरा का निर्वहन करते हुए शस्त्रों के प्रति सम्मान व्यक्त किया और कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनसेवा करने का संकल्प दोहराया। भारतीय संस्कृति में विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत और धर्म की विजय का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर शस्त्र पूजन की परंपरा शक्ति, साहस और कर्तव्य के प्रति समर्पण का संदेश देती है। पुलिस विभाग में भी इस परंपरा का विशेष महत्व है। शस्त्र पूजन के माध्यम से पुलिसकर्मी अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की भावना को मजबूत करते हैं।

खबर संक्षेप

भौरासा थाने में हुआ शस्त्र पूजन



भौरासा। बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की विजय के पर्व विजयादशमी पर पुलिस विभाग में भी शस्त्र पूजन करने की परंपरा रही है। इसी परंपरा का निर्वहन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। नगर पुरोहित मनोज जोशी के द्वारा मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ शस्त्र पूजन करवाया गया। थाना प्रभारी व स्टाफ के द्वारा पूरे विधि विधान एवं नियमों के अनुसार शस्त्रों एवं पुलिस के वाहनों का पूजन किया गया।

लीनेस क्लब देवास स्टार ने किया गरबा आयोजन



देवास। लीनेस क्लब देवास स्टार द्वारा साधारण मीटिंग के साथ नवरात्रि के पावन पर्व पर न्यू चिल्ड्रन होम स्कूल में गरबे रास का आयोजन करवाया गया एवं बेस्ट डांस और बैल ड्रेस का पुरस्कार का वितरण भी किया गया। माता रानी की आरती कर प्रसाद का वितरण कर वहां पर सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत कर भोजन का आयोजन रखा गया। इस धार्मिक आयोजन में क्लब अध्यक्ष डॉ. सुषमा अरोरा, कुसुम अग्रवाल, डिंपल शर्मा, संगीता गोयल, मंजू बाला जैन, मधु परवाल, ललिता जैन, रेणु शर्मा, कांता खंडेलिया, सरिता मोदी, सुनीता गोयल, सोफिया कुरैशी, तरुणा जाट, हीना राठौड़, सपना सिग, ज्योति सिंग, किरन, कल्पना सिंह, मोनिका राणा, प्रीति करंदीकर, ममता अग्रवाल, लक्ष्मी राव उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में शस्त्र पूजन, मंत्री तुलसीराम सिलावट ने की पूजा-अर्चना

विधि-विधान से हुई शस्त्र पूजा, मंत्री ने पुलिस बल के अनुशासन और जनसेवा की सराहना की

जिला पुलिस लाइन देवास में पारंपरिक एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



विजयादशमी के पावन पर्व पर जिला पुलिस लाइन देवास में पारंपरिक एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में संपन्न कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर शस्त्रों का पूजन कर धर्म, न्याय और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सांसद महेंद्र सोलंकी, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, महापौर गीता अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला आटारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से एसपी पुनीत गेहलोद, प्रभारी कलेक्टर दलीप कुमार, एडीएम संजीव जैन, एडीएम शोभाराम सोलंकी, एएसपी गजेंद्र सिंह वर्धमान, एएसपी ग्रामीण सौम्या जैन और एएसपी यातायात हरनारायण बाथम सहित वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर एसपी पुनीत गेहलोद ने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। शस्त्र पूजन की परंपरा हमें अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण, अनुशासन और जिम्मेदारी का संदेश देती है। वही कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जिलेवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सभी को धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने पुलिस बल के अनुशासन, सेवा और समर्पण की सराहना करते हुए जनसेवा के लिए निरंतर तत्पर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विजयादशमी की परंपरा के अनुरूप शस्त्र पूजन किया गया। अंत में पुलिस परिवार की ओर से जिलेवासियों को विजयादशमी की मंगलकामनाएं दी गईं।



मां चामुण्डा, तुलजा भवानी की समारोहपूर्वक की जाएगी अगवानी

रेड कारपेट,भव्य आतिशबाजी होगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश सहित देश भर में देवास का नवरात्रि उत्सव व नवदुर्गा प्रतिमा विसर्जन चल समारोह एक अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। नवरात्रि के दौरान जहां दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु मां चामुण्डा व तुलजा भवानी के दरबार टेकरी पहुंचते है। वहीं विसर्जन चल समारोह को देखने भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए देवास विधायक गायत्रीराजे पवार की पहल पर इस बार 22 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे मां चामुण्डा व तुलजा भवानी की सयाजी द्वार पर समारोह पूर्वक अगवानी की जाएगी। इस संबंध में विधायक गायत्रीराजे पवार ने बताया कि अपनी परंपरा अनुसार विसर्जन चल समारोह की शुरुआत में माता टेकरी से नाथ समाज व पुजारी परिवार द्वारा मां चामुण्डा व तुलजा भवानी का मुखोटा एक सुसज्जित रथ में विराजित कर सयाजी द्वार लाया जाएगा। जहां शहर के गणमान्यजनों की उपस्थिति में दोनों माताजी की भव्य अगवानी की जाएगी। इसके लिए सयाजी द्वार से जैन स्तंभ तक रेड कारपेट बिछाया जाएगा, जहां आकर्षक रंगोली सजाई जाएगी। साथ ही पुलिस बैंड अपनी प्रस्तुति देगा। यहां मां चामुण्डा व तुलजा भवानी की 21 पंडितों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ आरती की जाएगी तथा भव्य आतिशबाजी होगी। तत्पश्चात चल समारोह खेड़ापति मंदिर से होते हुए परंपरागत चल समारोह मार्ग के लिए रवाना होगा। इस भव्य समारोह में शामिल होने की अपील सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, व्यापारिक संगठनों व गणमान्य नागरिकों से की गई है।

नवरात्रि में जन्मी नवजात बच्चियों का किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शारदीय नवरात्रि महापर्व के प्रथम दिवस से लेकर नवमी तक जन्मी नवजात बच्चियों के सम्मान में श्रीजी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सेवा समिति द्वारा विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति पदाधिकारियों ने जिला चिकित्सालय के जच्चा-बच्चा वार्ड पहुंचकर नवजात बच्चियों का पूजन-अर्चन किया तथा उन्हें वस्त्र भेंट कर चुनरी ओढ़ाई। इस दौरान बच्चियों की माताओं को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया और बेटी के जन्म पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। समिति सचिव घनश्याम मोदी ने बताया कि समिति अध्यक्ष दिव्या परमार ने नवरात्रि के दौरान जन्मी नवजात बच्चियों को वस्त्र भेंट किए और चुनरी ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। साथ ही माताओं को मिठाई खिलाकर बेटी के जन्म की खुशियां साझा कीं। अध्यक्ष दिव्या परमार ने कहा कि बेटियां माता रानी का स्वरूप होती हैं। बेटियों में से न जाने कौन-सी बेटी किस देवी के रूप में दर्शन दे दे। उन्होंने कहा कि बेटियों का सम्मान नवरात्रि के दिनों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि वर्षभर बेटियों को समान सम्मान, स्नेह और अवसर मिलने चाहिए।

हिन्द फौज खोलेगी 40 प्रशिक्षण सेंटर

देवास। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, देवास के तत्वावधान में हिन्द फौज द्वारा जिले में युवाओं को नशे से दूर कर खेल और देशभक्ति से जोड़ने के उद्देश्य से 40 प्रशिक्षण सेंटर खोले जाएंगे। इसकी शुरुआत दशहरे के पावन पर्व पर बिंजाना गांव से की गई। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि सेंटरों पर प्रशिक्षक कोच नियुक्त किए जाएंगे, जो बच्चों को जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण देकर उनके सपनों को साकार करने में मदद करेंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पटवारी दीपिका बोरिवाल ने बच्चों से संवाद कर हिन्द फौज की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिन्द फौज से प्रशिक्षण लेकर बच्चे अपनी तैयारी के दम पर पुलिस में एसआई और पटवारी जैसे पदों तक पहुंचे हैं।

श्रद्धा के साथ मां दुर्गा को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

शारदीय नवरात्रि के समापन पर सोमवार को नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। विसर्जन जुलूस में गंजपुरा, सांवेर और नागझिरी की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। समुद्र मंथन, भगवान शिव-पार्वती, श्रीराम और मां काली की झांकियों ने लोगों का ध्यान खींचा। 'बंटोगे तो कटोगे' और 'मां की ममता' विषय पर आधारित झांकियां भी प्रस्तुत की गईं। नगर की विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों की प्रतिमाएं भी जुलूस में शामिल रहीं। राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने जुलूस का स्वागत किया। इस दौरान फरियाली खिचड़ी, हलवे और ठंडाई का वितरण भी किया गया। जुलूस के बाद कालीसिंध नदी तट स्थित नगर परिषद के विसर्जन कुंड में क्रेन की मदद से प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी विक्रांत झांझोट, सीएमओ अमरदास सेनानी सहित पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, नगर रक्षा समिति के सदस्य और कोटवार देर रात तक तैनात रहे। वही विसर्जन जुलूस के दौरान बस स्टैंड क्षेत्र में तीन से चार डीजे के बीच तेज आवाज में बजाने की होड़ देखने को मिली। तेज ध्वनि से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग परेशान होते नजर आए। कई बुजुर्ग कानों पर हाथ रखे दिखाई दिए, जबकि कुछ युवाओं और बच्चों ने कानों में रुई लगा रखी थी। इसके बावजूद डीजे की तेज आवाज पर नियंत्रण के इंतजामों को लेकर सवाल उठे।

निगम सभापति जैन ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

दीपावली पर्व से पहले एमजी रोड के व्यापारियों को सड़क चौड़ीकरण कार्य का लाभ मिलने की उम्मीद है। सड़क चौड़ीकरण से बाजार में ग्राहकों की आवाजाही सुगम होगी, यातायात व्यवस्था बेहतर बनेगी और व्यापारियों को अपना कारोबार संचालित करने में सुविधा मिलेगी। इसी उद्देश्य से नगर निगम सभापति रवि जैन ने नेता सत्तापक्ष मनीष सेन के साथ एमजी रोड पर चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जैन ने सयाजी द्वार से नॉवेल्टी चौराहे तक पैदल भ्रमण कर सड़क चौड़ीकरण, सेंट्रल लाइटिंग, सीवरेज एवं पेयजल पाइपलाइन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को निर्देश दिए कि दीपावली के पहले व्यापारियों को अधिक से अधिक सुविधा मिल सके, इसके लिए शेष कार्यों को प्राथमिकता के साथ तेजी से पूरा किया जाए। सभापति ने नवदुर्गा विसर्जन चल समारोह और दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए सड़क पर पड़े निर्माण सामग्री के मलबे को तत्काल हटाने तथा धूल से राहत के लिए प्रतिदिन नियमित जल छिड़काव करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान व्यापारियों, ग्राहकों और आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एल्डरमैन सचिन सोनी, निगम सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, उपयंत्री श्यामसुंदर रघुवंशी सहित स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे।

कल होगी बाबा श्याम की महाआरती



देवास। अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में एकादशी के पावन पर्व पर 22 अक्टूबर को बाबा श्याम की महाआरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर खाटू नरेश का अलौकिक एवं मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा तथा बाबा श्याम को 56 व्यंजनों का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। मंदिर समिति ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 12 बजे बाबा श्याम की भोग आरती होगी, जबकि शाम 5:30 बजे से श्रद्धालुओं के लिए पवित्र ज्योत के दर्शन प्रारंभ होंगे। शाम 7:30 बजे बाबा श्याम की भव्य महाआरती की जाएगी। आयोजन के दौरान भजन गायक हरिओम उपाध्याय एवं राधा ठाकुर द्वारा बाबा श्याम के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर होगा। एकादशी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को बाबा श्याम के अलौकिक श्रृंगार के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। मंदिर समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के पट पूरे दिन खुले रहेंगे। साथ ही मंदिर समिति एवं श्याम भक्तों द्वारा दिनभर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

नवदुर्गा विसर्जन व्यवस्थाओं की तैयारियों का आयुक्त ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नवदुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर आयुक्त दलीप कुमार ने कालूखेड़ी तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिमाओं के ससम्मान और विधि-विधान से विसर्जन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इसी तालाब में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था। इसके बाद तालाब से अनुपयोगी पूजन सामग्री निकालकर सफाई और गहरीकरण का कार्य कराया गया था। आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि कालूखेड़ी तालाब में नवदुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई है। निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को चौबीसों घंटे ड्यूटी पर तैनात किया गया, ताकि विसर्जन प्रक्रिया व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

पेड़ से टकराई पिकअप, 15 यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



सलकनपुर माताजी के दर्शन कर शिप्रा की ओर लौट रहे यात्रियों से भरी एक पिकअप सोमवार को इंदौर-भोपाल हाईवे पर हादसे का शिकार हो गई। जानकारी अनुसार, पिकअप वाहन में सवार यात्री सलकनपुर माताजी के दर्शन करने के बाद शिप्रा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नेवरी फाटे के पास पेट्रोल पंप के सामने वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके दो हिस्से हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही भौरासा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मी अरुण रावत ने 112 पुलिस वाहन, 108 एंबुलेंस, एक निजी वाहन और ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। सभी घायलों को प्राथमिक सहायता के बाद देवास के एमजी अस्पताल रेफर किया गया। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद हाईवे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में सहयोग किया। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

70 किलोमीटर से अधिक मार्ग पर स्वयंसेवकों ने किया कदमताल

नगर में 21 बस्तियों से निकले संघ पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



विजयदशमी उत्सव के अवसर पर मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, देवास नगर द्वारा भव्य पथ संचलन निकाले गए। नगर की 21 बस्तियों से अलग-अलग स्थानों से निकले इन पथ संचलनों में 200 से अधिक मोहल्लों के हजारों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में सहभागिता की। सभी संचलनों ने देवास नगर में 70 किलोमीटर से अधिक मार्ग तय किया। नगर में 400 से अधिक स्थानों पर धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों तथा नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। देवास नगर में चार उपनगरों के अंतर्गत आने वाली 21 बस्तियों से पथ संचलन निकाले गए। छत्रपति शिवाजी उपनगर अंतर्गत छह बस्तियों इटावा, विजय नगर, मुखर्जी नगर, राजाराम नगर, रामनगर एवं मोतीबंगला से पथ संचलन निकाले गए। महाराजा छत्रसाल उपनगर अंतर्गत चार बस्तियों विकास नगर, अमोना, बावड़िया एवं पालनगर से स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में सहभागिता की। गुरु गोविंदसिंह उपनगर अंतर्गत छह बस्तियों जवाहर नगर, कॉलोनी बाग, बजरंगपुरा, शांतिपुरा, उपासना एवं भवानी सागर से पथ संचलन निकाले गए। वही महाराणा प्रताप उपनगर अंतर्गत पांच बस्तियों आदर्श नगर, भौंसले कॉलोनी, राधागंज, बिलावली एवं मां तुलजा भवानी से स्वयंसेवकों ने संचलन किया। पथ संचलन प्रारंभ होने से पूर्व सभी बस्तियों के एकत्रीकरण स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं शस्त्र पूजन किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने अनुशासित पंक्तियों में संचलन प्रारंभ किया। बस्तियों के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए संचलनों ने राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता, अनुशासन एवं संगठन का संदेश दिया। नगर में निकले पथ संचलनों के दौरान 400 से अधिक स्थानों पर धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, विभिन्न संस्थाओं तथा नागरिकों द्वारा संचलन का स्वागत किया गया। अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर संचलन का अभिनंदन किया गया। नगर में उत्सवपूर्ण वातावरण दिखाई दिया तथा नागरिकों ने उत्साहपूर्वक पथ संचलनों का स्वागत किया। आज अमोना बस्ती के संजय नगर में पथसंचलन निकलेगा। इसके उपरांत 25 अक्टूबर को अन्य शेष बस्तियों के पथसंचलन एवं 1 नवंबर को 13 बाल संचलन निकलेंगे।

पीढ़ियों से दशमी पर मटकी ज्योत का विसर्जन करने की परंपरा



भौरासा। समय के साथ भौरासा कस्बे ने नगर का रूप ले लिया और नवरात्रि उत्सव का स्वरूप भी भव्य होता चला गया, लेकिन नगर के छिपे मोहल्ले में आस्था और परंपरा की एक पुरानी विरासत आज भी अनवरत जारी है। यहां पिछले पांच पीढ़ियों से मां अंबे की मटकी और ज्योत की स्थापना की परंपरा निभाई जा रही है। नवरात्रि के नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद दशमी पर मटकी ज्योत का विसर्जन किया गया। मंदिर के पुजारी गोपालदास बैरागी बताते हैं कि उनका परिवार पांच से छह पीढ़ियों से मां की सेवा और पूजा-अर्चना करता आ रहा है। नगर पुरोहित मनोज जोशी और बुजुर्गों के अनुसार, पिछले पांच पीढ़ियों से नवरात्रि के नौ दिनों तक मां अंबे की मटकी और ज्योत की स्थापना कर प्रतिदिन पूजा-अर्चना की जाती रही है।नवरात्रि के नौ दिनों की आराधना के बाद दशमी पर मां की मटकी ज्योत के विसर्जन के लिए चल समारोह निकाला गया। ढोल-ढमाकों के बीच श्रद्धालु रानी दमयंती तालाब की पाल तक पहुंचे। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद मटकी ज्योत का विसर्जन किया गया।

माता की प्रतिमा विसर्जन के जुलूस में मधुमक्खियों ने किया हमला, 13 भर्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

तहसील के ग्राम अगेरा में माता विसर्जन जुलूस के दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इससे जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के बीच अफरा-तफरी मच गई। घटना में 25 श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें से 13 घायलों को उपचार के लिए सोनकच्छ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य को परेशानी नहीं होने के कारण इलाज की जरूरत नहीं पड़ी।प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, माता विसर्जन जुलूस के दौरान अचानक मधुमक्खियों के उड़ने से लोग बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

देखते ही देखते मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। फिलहाल मधुमक्खियों के अचानक उड़ने और हमले के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

खबर संक्षेप

बड़ी माता मंदिर जा रही महिलाओं से मारपीट

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम तेरा में बड़ी माता मंदिर पर चुनरी चढ़ाने जा रही महिलाओं के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि रास्ते में मौजूद दो सगे भाइयों ने महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। महिला की तहरीर पर बानपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम तेरा निवासी सपना पत्नी मुकेश बसोर ने बताया कि 18 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे वह परिवार की मानकुंवर पत्नी मनोज बसोर और रामकुंवर पत्नी जयराम बसोर के साथ घर से बड़ी माता मंदिर पर चुनरी चढ़ाने जा रही थीं। आरोप है कि जब वह गांव में रामकुमार के मकान के पास पहुंचीं, तभी वहां मौजूद गांव के ही अजय और सुजान पुत्रगण नरेन्द्र ने उन्हें देखकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने गाली देने का विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने एकजुट होकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर आने लगे तो दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। महिला की शिकायत के आधार पर थाना बानपुर पुलिस ने आरोपी अजय और सुजान पुत्रगण नरेन्द्र निवासी ग्राम तेरा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

बुढ़वार में युवक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़वार में माता मंदिर के पास एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी ने युवक के साथ मारपीट कर उसे चोटिल कर दिया। आरोप है कि घटना के दौरान लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बुढ़वार निवासी हरिश्चंद्र पंथ पुत्र धनसिंह पंथ ने बताया कि 19 अक्टूबर को शाम करीब 4.30 बजे वह गांव में माता मंदिर के पास मौजूद थे। इसी दौरान संजय कोली उर्फ संजय पंथ वहां पहुंचा और उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ मारपीट कर दी। आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान मौके पर अन्य लोग एकत्र होने लगे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। शिकायत में आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत थाना खनियाधाना के वार्ड नंबर 09, जामा मस्जिद के पास संजय कोली उर्फ संजय पंथ पुत्र देवी प्रसाद पंथ के रूप में बताई गई है। कोतवाली पुलिस ने हरिश्चंद्र पंथ की तहरीर के आधार पर आरोपी संजय कोली उर्फ संजय पंथ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवती का पैर फ्रैक्चर, चालक फरार

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में युवती के पैर में फ्रैक्चर हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल युवती को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला चौबयाना निवासी सचिन सोनी पुत्र भरत सोनी ने बताया कि 18 अक्टूबर को दोपहर करीब 2.30 बजे वह अपनी स्कूटी से छोटी बहन वैशाली सोनी को लेकर एनएच-44 से गुजर रहे थे। जब वह मन्नू पेट्रोल पंप से आगे शनि महाराज मंदिर के पास पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक संख्या यूपी 94 टी 2525 के चालक ने कथित तौर पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी सवार वैशाली सोनी सड़क पर गिर गईं और उनके पैर में गंभीर चोट आई। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवती को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गाजे बाजे के साथ देर शाम तक चला मां के स्वरूप की विदाई का सिलसिला

नम आंखों से मां भगवती को दी विदाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

युवाओं ने रंग गुलाल उड़ा कर श्रद्धा का प्रदर्शन किया

नवरात्रि पर्व के समापन पर पिछले नौ दिनों से पूजित मां भवानी की प्रतिमाओं को गाजे बाजे के साथ ले जाने का सिलसिला देर रात्रि तक लगा रहा। उत्साहित भक्तों ने मां के जयकारे लगाते हुए नगर परिक्रमा की। नगर में झांकी स्थलों से प्रतिमाओं को गोविंद सागर बांध में अलग से बनाये गये विसर्जन स्थल तक पहुंचाया गया, जहां से प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। उत्साही युवाओं ने रंग गुलाल उड़ा कर श्रद्धा का प्रदर्शन किया। भ्रमण के पश्चात विधि विधानपूर्वक इन स्वरूपों को विसर्जित कर दिया गया।

पिछले 9 दिनों से समूचा जिला दुर्गामय बना हुआ था। सुबह व सायंकालीन होने वाली आरती में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित होकर आदिशक्ति की श्रद्धा में लीन बने रहते थे। आज अधिकांश कार्यक्रमों का विधिविधान पूर्वक समापन हो गया है। जहां सिद्ध पीठों पर पिछले 9 दिनों से श्रीमद् भागवत कथा, श्रीराम कथा, दुर्गा सप्तशती पाठ आदि के कार्यक्रम चल रहे थे, वहीं झांकी स्थलों पर प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे थे। आज यज्ञ क्रियाओं के साथ मां भवानी के स्वरूप के समक्ष आहूतियां दी गईं। अपरांह समय मां के दरबारों से प्रतिमाओं को वाहनों में सजा कर नगर परिक्रमा के लिए ले जाया गया। मां के स्वरूपों को आस्थावान युवक सम्भाले हुए थे वहीं नृत्य करतीं टोलियां परम्परागत गीतों पर झूमती हुई चल रहीं थीं। पिछले नौ दिनों तक जो श्रद्धालु लगातार क्रियाओं में भागीदारी जता रहे थे वह अंतिम दिन भी बड़े उत्साह के साथ प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए पवित्र सरोवरों में ले गए। अगले वरस फिर आना के साथ देवी प्रतिमाओं को विदाई दी गई। नगर में ग्रामीण क्षेत्रों से अलग आज नजारा बिखरा हुआ था। गोविंद सागर बांध की तलहटी में आदीशक्ति की प्रतिमाओं की सामूहिक महाआरती उतारी गई। पूजन विधान की क्रियाओं के पश्चात स्वरूपों को अश्रुपूरित नेत्रों से विसर्जित कर दिया गया। जिले में शारदीय नवरात्रि के दौरान होने वाले कार्यक्रम पहचान बने हुए हैं। इन कार्यक्रमों में धर्म, जाति जैसे संकुचित नामों के लिए कोई जगह नहीं होती। दूसरे धर्मों के अनुयाई भी बढ़-चढ़ कर आयोजनों में भागीदारी निभाते हैं। 9 दिनों तक चलने वाले आयोजनों में उन्होंने प्रमुख रूप से योगदान दिया। झांकी स्थलों से भले ही मां के स्वरूपों की विदाई हो गई हो लेकिन जिले का सौहार्द सदैव याद रखा जाएगा।

बांध पर तैनात रहे अधिकारी व पुलिस फोर्स

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड. के नेतृत्व, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के संयुक्त आदेश पर गोविन्द सागर बांध पर बनाये गये विसर्जन तालाब के आसपास भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर आलाधिकारियों के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, एसडीएम सदर हेमन्त पटेल, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा व सीओ सिटी अजय कुमार लगातार भ्रमणशील रहे। वहीं यातायात सुगम बनाये रखने के लिए यातायात निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी, टीएसआई नफीस अहमद, टीएसआई गौरव कुमार, टीएसआई शाकिब हाश्मी व उनकी टीम का अहम योगदान रहा।

एनएच-44 पर बंगरिया के पास हादसा

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से ट्रक चालक के दोनों पैर टूटे

बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सड़क पार करते समय बाइक ने मारी टक्कर

थाना पाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बंगरिया के पास सड़क पार कर रहे एक ट्रक चालक को तेज रफ्तार मोटर साइकिल ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक के दोनों पैर टूट गए, जबकि एक हाथ में भी फ्रैक्चर हो गया। दुर्घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। साथी की तहरीर पर पाली पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरियाणा के नूंह (मेवात) जिले के ग्राम मोहम्मदपुर निवासी जावेद पुत्र मजीद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने साथी जिला नूंह मेवात के ग्राम अलावलपुर निवासी अजीज पुत्र अब्दुल गनी के साथ रोडवेज की गाडिय़ां चलाते हैं। 18 अक्टूबर को दोपहर करीब 3.15 बजे उनका ट्रक एनएच-44 पर बंगरिया के पास खड़ा था। इसी दौरान अजीज ट्रक खड़ा करके बाथरूम जाने के लिए सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान पाली की ओर से आ रही बाइक संख्या यूपी 94 एएल 3209 के अज्ञात चालक ने अजीज को टक्कर मार दी। हादसे में अजीज गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। उसके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं और एक हाथ में भी फ्रैक्चर हो गया। आरोप है कि दुर्घटना के बाद बाइक चालक मौके से भाग निकला। हादसे के बाद जावेद ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। इसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से घायल अजीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घायल के साथी जावेद की तहरीर के आधार पर थाना पाली पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

राजघाट बांध जा रहे श्रद्धालुओं के लिए गुड्डू राजा बुंदेला ने कराया प्रसाद वितरण

मां दुर्गा के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए राजघाट बांध जा रहे श्रद्धालुओं के लिए काला पहाड़ स्थित मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश महामंत्री गुड्डू राजा बुंदेला के निजी फार्म हाउस पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मां दुर्गा के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के माध्यम से धार्मिक आस्था, सेवा और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के अवसर पर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और मां दुर्गा के जयकारों के साथ प्रतिमाओं को लेकर राजघाट बांध की ओर रवाना हुए।

इसी क्रम में काला पहाड़ स्थित गुडडू राजा बुंदेला के निजी फार्म हाउस पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं ने रुककर प्रसाद ग्रहण किया। गुडडू राजा बुंदेला ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते हुए सभी के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की आराधना हमें साहस, शक्ति, सत्य, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। धार्मिक पर्व हमारी भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता की भावना मजबूत होती है। उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना की कि उनकी कृपा सभी श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों पर बनी रहे तथा प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए। साथ ही उन्होंने समाज में प्रेम, सद्भाव और सकारात्मकता बनाए रखने की कामना की।

भंडारे के साथ स्वच्छता का भी रखा ध्यान, कूड़ा एकत्र करने कराई गाड़ी की व्यवस्था

तालाबपुरा में मां पीताम्बरा सेवा समिति ने कराया विशाल भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



तालाबपुरा स्थित डोंडाघाट में बड़े के पास मां पीताम्बरा सेवा समिति के तत्वावधान में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में मोहल्ले वासियों, राहगीरों और मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए राजघाट बांध जा रहे श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सदस्यों ने श्रद्धाभाव के साथ प्रसाद वितरित कर श्रद्धालुओं की सेवा की।

आयोजन के दौरान धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहयोग और स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। मोहल्ले के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं ने भी रुककर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और सेवा का माहौल बना रहा। मां पीताम्बरा सेवा समिति की ओर से भंडारे के दौरान स्वच्छता को लेकर विशेष व्यवस्था की गई। सड़क पर गंदगी न फैले, इसके लिए कूड़ा एकत्र करने वाली गाड़ी की व्यवस्था कराई गई। साथ ही श्रद्धालुओं से अपील की गई कि प्रसाद ग्रहण करने के बाद पत्तलों और अन्य कचरे को सड़क पर न फेंके, बल्कि निर्धारित कूड़ा गाड़ी में ही डालें। समिति की इस पहल से आयोजन स्थल पर साफ-सफाई बनाए रखने में मदद मिली। समिति सदस्यों ने धार्मिक आयोजन के साथ स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

आयोजन ने यह संदेश दिया कि धार्मिक आस्था और जनसेवा के साथ सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना भी सभी की जिम्मेदारी है। भंडारे के आयोजन में नंदकिशोर साहू, मुकेश विश्वकर्मा, अभिषेक निरंजन, जितेंद्र साहू, अनुग्रह खरे, अमित साहू, अमित झा, पत्रकार आशीष तिवारी, शुभम जमुनिया, सुनील साहू, नीरज सोनी, निलेश ठाकुर, आकाश साहू, जितेंद्र साहू, अखिलेश साहू, यश साहू और रुपेश साहू सहित समस्त मित्र मंडली का सहयोग रहा।

आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

ललितपुर में अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

65 क्वार्टर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से देशी शराब के कुल 65 क्वार्टर बरामद किए हैं। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। पहली कार्रवाई सोमवार तड़के करीब 1.13 बजे करीम नगर तिराहा, नहर रोड के पास की गई। चौकी प्रभारी नई बस्ती उपनिरीक्षक आलोक सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।

इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। उसके पास मौजूद थैले से दोस्ताना मार्का देशी शराब के 30 क्वार्टर बरामद हुए। पकड़े गए युवक की पहचान मोहल्ला आजादपुरा निवासी सौरभ उर्फ कालू के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि वह शराब का ठेका बंद होने के बाद इसे महंगे दामों पर बेचने के लिए घर ले जा रहा था। दूसरी कार्रवाई सोमवार दोपहर करीब 2.50 बजे ग्राम मसौरा खुर्द में हुई। उपनिरीक्षक विवेक धामा पुलिस टीम के साथ जांच के लिए गांव जा रहे थे। इसी दौरान सचिवालय के सामने एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद बोरी से रसभरी मार्का देशी शराब के 35 क्वार्टर बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपी की पहचान ग्राम मसौरा खुर्द निवासी बाबूलाल अहिरवार के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि गांव में शराब का ठेका नहीं होने के कारण वह बिक्री के उद्देश्य से शराब ले जा रहा था। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

कोचिंग सेंटर में छात्र से मारपीट, चार युवकों पर मामला दर्ज, जान से मारने की धमकी का आरोप

गाली-गलौज का विरोध करने पर लात-घूंसों से पीटा

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक कम्प्यूटर कोचिंग सेंटर में पढ़ाई करने गए छात्र के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। छात्र की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नई बस्ती गांधीनगर निवासी ओमजी शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा ने बताया कि 17 अक्टूबर को दोपहर करीब 3.15 बजे वह स्टेशन रोड स्थित टैलेंट कोचिंग सेंटर में कम्प्यूटर की कक्षा लेने गया था। आरोप है कि वहां मौजूद बुढ़वार निवासी अनेक सिंह पुत्र कृपाल सिंह उसके साथ बेवजह गाली-गलौज करने लगा। जब ओमजी ने इसका विरोध किया तो अनेक सिंह ने फोन करके अपने तीन अन्य साथियों रोहित, मौसम और धर्मेश ग्वाला को मौके पर बुला लिया। इसके बाद चारों युवकों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने उसे लात-घूंसों से पीटा, जिससे उसके शरीर में अंदरूनी चोटें आईं। जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। छात्र ने अपनी शिकायत में बताया कि मारपीट की पूरी घटना कोचिंग सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अनेक सिंह, रोहित, मौसम और धर्मेश ग्वाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

रामलीला मैदान पर शिवलीला, श्रीकृष्ण लीला व श्रीराम लीला का मनमोहक प्रदर्शन किया

असत्य पर सत्य की जीतः रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलों का दहन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री रामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शाम को शोभायात्रा श्रीरघुनाथजी बड़ा मंदिर से प्रारंभ हुई जो कि गाजे बाजो के साथ अपने निर्धारित मार्ग से होती हुई नदीपार, गोविंद नगर, रावतयाना, रामलीला मैदान में पहुंची। यात्रा में सबसे आगे सीताजी का रथ, पीछे रावण का रथ, इसके बाद कुंभकरण, मेघनाथ का रथ, इसके बाद रावण दल उनके पीछे रघुनाथजी मंदिर के विग्रह, राम लक्ष्मण का रथ, राक्षस का दल, उनके पीछे वानर सेना, अपने करतब दिखाते हुए चल रही थी।

रामलीला मैदान पर पहुंचने पर रणचंडी पूजन एवं शमी पूजन कार्यक्रम किए गए। इसके साथ ही लीला प्रारंभ हुई। मंच पर राम रावण युद्ध का सजीव अभिनय पात्रों द्वारा किया गया, जिनमें श्रीराम का अभिनय रुद्रांश चतुर्वेदी, लक्ष्मण सिद्धार्थ, सीता कृष्णा, हनुमानजी अंकित चतुर्वेदी, सुग्रीव आदित्य साहू, रावण शुभम कौशिक, कुम्भकरण रमेश साहू, मेघनाथ विराज तामिया शामिल रहे। इस बार समिति द्वारा पात्रों की संख्या बढ़ाई गई। रामादल व रावण दल के सैनिकों की संख्या बड़ा कर उनको युद्ध के लिए प्रेरित किया। ताकि मंच पर युद्ध का सजीव चित्रण प्रसत्तुत किया जा सके। इसके लिए नई पोशाकें और अस्त्र, शस्त्र डंका धनुष आदि मंगवाए गए। पात्रों की संख्या अधिक होने से इस बार इस बार शोभायात्रा का रूप भी बड़ा हुआ। इसी क्रम में शाम 5 बजे से रामलीला मैदान पर श्रीशिवलीला, श्रीकृष्ण लीला व श्रीराम लीला, नृत्य आदि के मनमोहक प्रदर्शन किया गया। इस बार आतिशबाज द्वारा शानदार आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद रावण कुंभकरण मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। जयश्री राम के नारों से के उद्घोष से पूरा मैदान गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर अधिकारियों व पुलिस के साथ सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली मैदान पर 5 बजे से वृंदावन के कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण नृत्य शिव काली नृत्य आदि के मनमोहक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं.श्यामा कांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, संयोजक जगदीश पाठक, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, सांस्कृतिक मंत्री अवधेश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, शुभम कौशिक, कृष्णकांत तिवारी, के.के.साहू, मुन्नालाल त्यागी आदि मौजूद रहे।

विजयादशमी अन्याय, विषमता और दरिद्रता रूपी दशानन के अंत का संकल्प दिवस : सिद्धार्थ शर्मा



रामराज्य की परिकल्पना में निहित है समानता, सद्भाव और सर्वजन सुखाय का संदेश

ललितपुर। स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार सिद्धार्थ शर्मा ने विजयादशमी के अवसर पर समाज को अन्याय, अनीति, शोषण, आतंक और सामाजिक विषमता के विरुद्ध संकल्प लेने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी केवल रावण-दहन का पर्व नहीं है, बल्कि यह बुराइयों के अंत और एक बेहतर, समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प दिवस भी है। सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास की रामकथा में केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि विद्रोह, सामाजिक परिवर्तन और आदर्श व्यवस्था की परिकल्पना का स्वर भी समाहित है। तुलसीदास द्वारा वर्णित रामराज्य ऐसा समाज है, जहां किसी के भीतर हीनता का भाव न हो, कोई अज्ञानता के अंधकार में न रहे और सभी मनुष्य आपसी प्रेम, सद्भाव तथा समानता के साथ जीवन व्यतीत करें। उन्होंने रामचरितमानस की चौपाई सब नर करहिं परस्पर प्रीती, राम प्रताप विषमता खोई। का उल्लेख करते हुए कहा कि रामराज्य की मूल भावना समाज में व्याप्त भेदभाव और विषमता को समाप्त कर आपसी प्रेम एवं समानता स्थापित करना है। यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना रामकथा के समय था। उन्होंने कहा कि विजयादशमी पर रावण के पुतले का दहन करने के साथ-साथ समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेना भी आवश्यक है। अन्याय, शोषण, आतंक, अनीति और सामाजिक भेदभाव के साथ-साथ दरिद्रता रूपी दशानन का अंत करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। जब तक समाज का प्रत्येक व्यक्ति सम्मानपूर्वक जीवन जीने के अवसर से वंचित रहेगा, तब तक आदर्श समाज की परिकल्पना पूरी नहीं हो सकती। सिद्धार्थ शर्मा ने आह्वान किया कि इस विजयादशमी पर प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर की बुराइयों को दूर करने के साथ समाज में समानता, सद्भाव और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि अन्याय और विषमता की राख पर समानता, सामाजिक समरसता तथा सर्वजन सुखाय की भावना से परिपूर्ण रामराज्य की फसल तभी लहलहा सकेगी, जब समाज का हर वर्ग विकास और सम्मान के समान अवसर प्राप्त करेगा।

विजयादशमी खास: यहां स्थित है सूर्पणखा और मंदोदरी सहित रावण का पूरा परिवार

मध्यप्रदेश में अनूठा मामला, पंचायत ने स्वयं बनवा दिया रावण परिवार का स्थाई चबूतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शायद ही मध्यप्रदेश या देश का कोई राज्य होगा जहां रावण की बहन सूर्पणखा या उनकी पत्नी मंदोधरी का कोई स्थाई स्मारक किसी पंचायत ने बनाया होगा। पर, राजगढ़ जिले की एक ग्राम पंचायत में यह सब चरितार्थ होते दिखाया है। पंचायत ने पूरे रावण के परिवार जिसमें कुंभकरण, मेघनाद, रावण निर्माण स्थाई रूप से करवाया है। हम बात कर रहे हैं राजगढ़ जिले की ग्राम पंचायत किला अमरगढ़ की। यहां के सरपंच गजराज तंवर ने करीब 3 साल पहले एक पक्के चबूतरे पर पूरे रावण परिवार का निर्माण करवाया है। इसमें अकेले सिर्फ सरपंच की भूमिका नहीं है। पूरा गांव यह चाहता था था कि रावण का परिवार बने।

यह है रावण के परिवार को बनाने का कारण

जब हरिभूमि इस बात की तह तक पहुंचा तो कारण पारंपपरिक समझ में आया। किला अमरगढ़ के वर्तमान जागीरदार जयसिंहजी के पुर्वजों ने उन्हें कहा था कि परंपरा का पालन करना है। उसी परंपरा का पालन करते हुए वर्तमान सरपंच गजराज तंवर ने स्थाई रूप से रावण परिवार का निर्माण करवा दिया।



3 जिलों की सीमाएं मिलती हैं इस ग्राम पंचायत से

आपको बताते चलें कि किला अमरगढ़ ग्राम पंचायत से न केवल राजगढ़ जिला बल्कि गुना जिला और राजस्थान के झालावाड़ जिले की सीमाएं भी बिल्कुल 100 मीटर से ज्यादा दूर भी नहीं हैं। इस पंचायत से घोड़ापछाड़ नदी गुजर रहीं है।

विभीषण शामिल नहीं है इस रावण परिवार में

इस पूरे रावण परिवार में दशानन के छोटे भाई विभीषण सम्मिलित नहीं हैं। इसका, कारण बुजुर्गों द्वारा यह बताया जा रहा है कि जो अपने भाई का सगा नहीं हुआ उसकी प्रतिमा हमनें निर्मित नहीं करवाई।

इनका कहना है...

इस पूरे ब्राहाण के सबसे बड़े शिव का भक्त के परिवार का निर्माण करवाना क्या गलत है। बुजुर्गों की परंपरा का पालन मैं करता आ रहा हूं।

जय सिंह, जागीरदार, किला अमरगढ़, राजगढ़

मेरे जन्म के पहले से परंपरा चली आ रही है। जो यहां के राजाओं, जागीरदारों ने कहा था, उन्हीं की बातों पर अमल करते हुए मैंने रावण दरबार का निर्माण करवाया है।

गजराज तंवर, सरपंच, किला अमरगढ़

सर, रावण ने कभी सीताजी को हाथ लगाया था क्या ? फिर वो कहां से गलत था।

मांगीलाल पंडा, राजगढ़

तीन आरोपियों ने मिलकर की वारदात, चौथे को रकम छिपाने में किया शामिल

50 लाख रुपए की चोरी कर कब्रिस्तान में गाड़े, फिर भी पुलिस से नहीं बच पाए आरोपी

एसपी ने किया खुलासा





- चोरी के मामले में 4 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई, 41 लाख नकद, एक अर्टिगा कार, दो मोटरसाइकिल व एक सब्बल जब्त
- रकम पहले घर और कब्रिस्तान में छिपाई, फिर अगले दिन तौसीफ के पास रखवाई, आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

विगत तीन दिन पहले 16 अक्टूंबर को नगर में हुई एक बड़ी चोरी का खुलासा पुलिस ने 72 घंटे के अंदर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी खिलचीपुर (पुलिस) धर्मवीरसिंह नागर के नेतृत्व में थाना जीरापुर पुलिस द्वारा 50 लाख की सनसनीखेज चोरी का खुलासा करते हुए आरोपियों से 41 लाख नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने एक अर्टिगा कार, दो मोटरसाइकिल एवं एक सब्बल भी जप्त किया है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी अब्दुल रईस पिता अब्दुल लतीफ, 51 वर्ष निवासी माताजी मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 04, ने थाना जीरापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जनवरी 2026 में उसने जीरापुर के खारपा रोड स्थित अपनी जमीन 70 लाख में बेची थी। उक्त सौदे में प्राप्त 50 लाख नकद उसने अपने घर में लकड़ी के दीवान में सुरक्षित रखे थे। इसमें 25 लाख काले कपड़े के बैग में तथा 25 लाख गत्ते के कार्टून में रखे हुए थे।दिनांक 15.10.2026 को फरियादी अपनी पत्नी रुबीना, बेटे मोहम्मद साद एवं बेटी सदफ के साथ सगाई के कार्यक्रम में शामिल होने पचपहाड़, मंडी (राजस्थान) गया था। दिनांक 16.10.2026 की रात्रि लगभग 01.15 बजे घर लौटने पर उसने देखा कि प्रथम तल पर स्थित कमरे का कुंडा टूटा हुआ था, ताला गायब था तथा कमरे का सामान अस्त-व्यस्त था। दीवान में रखे 50 लाख नकद गायब मिले। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना जीरापुर में अपराध क्रमांक 381/2026, धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

'पुलिस कार्रवाई एवं वारदात का तरीका'

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना जीरापुर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी फुटेज एवं स्थानीय स्तर पर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर संदिग्धों की तलाश की। विवेचना के दौरान सामने आए तथ्यों के अनुसार आरोपियों ने फरियादी के घर की छत से प्रवेश किया। आसपास के मकानों की छतें आपस में जुड़ी होने का फायदा उठाकर वे घर के अंदर पहुंचे और दीवान में रखी नकदी चोरी कर ली।वारदात के बाद आरोपियों ने पुलिस को भ्रमित करने के उद्देश्य से नीचे का गेट खोल दिया तथा छत के रास्ते अपने घरों की छत की ओर लौट गए। पुलिस विवेचना में यह भी सामने आया कि चोरी की रकम को आरोपियों ने वारदात के बाद पहले अपने घर में और फिर कब्रिस्तान में छिपाया। अगले दिन चोरी की रकम अपने साथी तौसीफ के पास छिपाकर रखने के लिए दिया गया।

इन आरोपियों से सामान जब्त

-सोहेल पिता सलीम खान, 22 वर्ष, निवासी माताजी मोहल्ला, जीरापुर- 13 लाख नकद- एक अर्टिगा कार।एक सब्बल।

-फुजेल उर्फ फैजल पिता शहजाद खान, 21 वर्ष, निवासी माताजी मोहल्ला, जीरापुर13 लाख नकद- एक मोटरसाइकिल।

-असमत उर्फ समर लाला पिता बादशाह लाला, 23 वर्ष, निवासी माताजी मोहल्ला, जीरापुर13 लाख नकद।

-तौसीफ पिता शहजाद खान, 25 वर्ष, निवासी इमली स्टैंड, खिलचीपुर- 2 लाख नकद- एक मोटरसाइकिल।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक हुकुमसिंह मीना, उप निरीक्षक जितेन्द्र अजनारे, उप निरीक्षक अरविंद राजपूत,उप निरीक्षक अरुण जाट, सहायक उप निरीक्षक शादाब खान, प्रधान आरक्षक फतेह सिंह सिसोदिया, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र झाला, प्रधान आरक्षक मंगलेश मीना, प्रधान आरक्षक गणेश धाकड़, प्रधान आरक्षक देवी सिंह दांगी, प्रधान आरक्षक श्यामसुंदर पाटीदार, आरक्षक रवि जाट, आरक्षक अशोक राहोरिया, आरक्षक रवीन्द्र जाट, आरक्षक विष्णु जाट, आरक्षक जुगल सिसोदिया, आरक्षक अनिल राठौर, आरक्षक ललित तोमर, आरक्षक अमित शर्मा एवं आरक्षक तुलसीराम दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जयकारों और पुष्पवर्षा के बीच निकाली चुनरी यात्रा, मां चामुंडा को ओढ़ाई चुनर

गिरीराज भक्त मंडल ने पहली बार चुनरी यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नवरात्रि के पावन पर्व पर गिरीराज भक्त मंडल के तत्वावधान में पहली बार चुनरी यात्रा निकाली गई। नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित प्रसिद्ध चामुंडेश्वरी माता मंदिर से विधि-विधान से पूजा अर्चना कर चुनरी यात्रा की शुरुआत की गई।

चुनरी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों गांधी बस्ती, बस स्टैंड, इंदर चैराहा, बुधवारिया बाजार एवं चोपड़ा बाजार सहित विभिन्न मार्ग से होकर पीपल्दा रोड़ स्थित प्राचीन चामुण्डा माता मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर चुनरी यात्रा का स्वागत किया। माता रानी के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हुआ। श्रद्धालु मां की भक्ति में लीन नजर आए।नगर भ्रमण के पश्चात चुनरी यात्रा पीपल्दा रोड स्थित चामुण्डा माता मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धापूर्वक माता रानी को चुनरी अर्पित की गई। चुनरी यात्रा में जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं शामिल हुई।

मां दुर्गा की अलौकिक श्रृंगारित और भावपूर्ण झांकी ने मोहा भक्तों का मन

जीरापुर। नगर के विवेकानंद चैराहे पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माँ नवदुर्गा मंडल समिति के द्वारा मां दुर्गा की आकर्षक एवं भावपूर्ण झांकी सजाई जा रही है।

जिसमें माता रानी के मनमोहक स्वरूप और प्रतिदिन होने वाले विशेष श्रृंगार के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है।तथा प्रतिदिन अलग-अलग सामाजिक कार्यकर्ता सेवाभावी भक्त बड़ी संख्या में शामिल होकर आरती उतार कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे।इसी क्रम में शनिवार रात्रि को मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन किया गया। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ माता रानी की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर पंडित हरिश तिवारी ने मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान से पूजा पं. रामबाबू शर्मा ने करवाई जहां आरती आयुष गुप्ता दुपाड़यि, तरुण पंडित, अक्षय जोशी, तन्मय जमींदार, अभिषेक भिलाला , घनश्याम भिलाला सहित प्रेस क्लब के सदस्य एवं श्रद्धालु ने उपस्थित होकर की।



नपाध्यक्ष गुर्जर ने बालागंज में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित मकान के गृह प्रवेश कार्यक्रम में सहभागिता की

मंदसौर। दशहरा पर्व पर नपा परिषद मंदसौर के द्वारा शासन के निर्देशानुसार बालागंज क्षेत्र वार्ड क्रमांक 16 में हितग्राही सम्पतबाई पति नन्दलाल के निवासस्थान पर केन्द्र की नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार के द्वारा प्रदत्त की गयी 2.50 लाख रू. की राशि से नवनिर्मित हुये मकान का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नये बने आवास का फीता काटकर उसमें हितग्राही परिवार को गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर नपा गरीबी उन्मूलन समिति सभापति रमेश ग्वाला, पत्रकार उमेश नेक्स, पार्षद गण सुनीता भावसार, सुनीता गुजरिया, समाजसेवी के.एल. नागोरे, विष्णु सुरा, नपा कर्मचारीगण अक्षय जैन, किशोर जाटव, पवन उपाध्याय, भुपेन्द्र सोलंकी, असलम मंसूरी, अंकित दुबे भी उप. थे।



नपा लोकनिर्माण सभापति चंदवानी ने उपकरणों की पूजा की

मंदसौर। विजयादशमी पर्व पर नपा की लोकनिर्माण शाखा के कर्मचारियों के द्वारा नपा कार्यालय की लोकनिर्माण शाखा में उपकरणों की पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया लोकनिर्माण समिति सभापति निर्मला नरेश चंदवानी ने यहाँ पहुँच कर उपकरणों की पूजा की तथा प्रभु श्रीराम के चित्र की आरती की। इस अवसर पर नपा कर्मचारीगण हेमचन्द शर्मा, राजेन्द्र नीमा, जाकिर भाई, पंकज सांकी भी उपस्थित थे।

41 फीट ऊंचे रावण के साथ मेघनाथ व कुंभकर्ण का श्रीराम ने अग्निबाण चलाकर किया वध

अहम की अग्नि में धूं-धूं कर जले दशानन रावण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व नगर में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर तीर्थ यात्री सेवा सदन के समीप मैदान में 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले के साथ मेघनाथ एवं कुंभकर्ण के 21 - 21 फुट ऊंचाई के पुतलों का भगवान श्रीराम द्वारा अग्निबाण चलाकर दहन किया गया। रावण दहन के दौरान मैदान में मौजूद हजारों लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

राम, लक्ष्मण और हनुमान की निकली सवारी: विजयादशमी के अवसर पर नगर के किला रोड स्थित सांवलिया नाथ मंदिर से पूजा अर्चना के बाद आकर्षक साज-सज्जा के साथ सांयकाल 5.30 बजे नगर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान को सुसज्जित रथ में विराजित कर की सवारी निकाली गई। सवारी के आगे आगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक घोष बैंड, बिगुल वाहिनी, ध्वज वाहिनी एवं दंड वाहिनी के साथ अनुशासन बंध होकर कदमताल करते हुए चल रहे थे। नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सवारी मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर स्थित तीर्थ यात्री सेवा सदन के पीछे वाले मैदान पर पहुंची। यहां परंपरानुसार पूजन-अर्चन के बाद रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। दशहरा उत्सव के अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शस्त्र पूजन भी किया गया। इस दौरान तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, सीएमओ मिनी अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अधिकारियों ने विधि-विधान से प्रतीकात्मक रूप से शमी पौधे की पूजन के साथ भगवान राम लक्ष्मण हनुमान की पूजन आरती की गई वहीं शस्त्र पूजन कर परंपरा का निर्वहन किया।



रावण दहन से पूर्व आगरा तथा गुना से बुलाई गई रंगारंग आतिशबाजी का शानदार नजारा देखने को मिला। आसमान में रंग-बिरंगी रोशनी बिखरने के साथ ही मैदान तालियों और जयकारों से गूंज उठा। रावण, मेघनाथ तथा कुंभकर्ण के पुतलों का दहन होते ही लोगों ने उत्साह के साथ भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए।

राजेन्द्र विलास जीवागंज में श्री प्रत्यक्ष रत्नविजयजी करा रहे हैं श्रीपाल

मंदसौर। दिनांक 18 अक्टूबर से दिनांक 26 अक्टूबर तक राजेन्द्र विलास जीवागंज में 9 दिवसीय शाश्वत नवपदजी की ओली की धर्मआराधना हो रही है। प.पू. दादा गुरुदेव श्री राजेन्द्रसूरिजी म.सा. व पूज्य सम्राट श्री जयन्तसेनसूरिजी म.सा. के दिव्य आशीर्वाद एवं मंदसौर में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म.सा. व श्री पवित्ररत्नविजयजी म.सा. आदि ठाणा 2 की पावन प्रेरणा व निश्रा में 9 दिवसीय शाश्वत नवपदजी की औली की धर्मआराधना त्रिस्तुतिक संघ व परमस्पर्श चातुर्मास समिति के द्वारा श्रावक श्राविकाओं को करायी जा रही है नवपदजी की ओली कराने का सम्पूर्ण लाभ मदनलालजी मोतीलालजी चपरोत परिवार ने लिया है। नवपदजी की ओली के अवसर पर प.पू. श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी के द्वारा प्रतिदिन प्रातः 9.15 से 10.30 बजे तक नवपदजी की ओली की महत्ता बताने वाले श्रीपाल रास (शास्त्र) का वाचन कराया जा रहा है कल नवपदजी की ओली के तृतीय दिवस धर्मसभा में आपने मैना सुन्दरी व श्रीपाल के जीवन की संघर्ष गाथा बताते हुए कहा कि मैना सुन्दरी को प्रभु पर अत्यधिक विश्वास होने के कारण उसके पिता ने बैर भावना रखते हुए कुष्ठ रोगी श्रीपाल से उसका विवाह कर दिया कुष्ठ रोगी श्रीपाल भले ही कुरुप था लेकिन वह राजपूत था अपने पिता की मृत्यु के बाद चाचा ने उसके राज्य को हड़प लिया था भाग्य के चक्र के कारण उसे कई कष्ट सहने पड़े मैना सुन्दरी से विवाह के बाद सिद्धचक्र की तपस्या अर्थात नवपद की आराधना की गयी फलस्वरूप कुरुप श्रीपाल स्वस्थ ही हुआ तथा उसे अपना खोया राज्य भी वापस मिल गया। नवपदजी की ओली का इतना जबर्दस्त प्रभाव है कि जो भी इसका तप करता है उसे पुण्य फल मिलता है।

प्राचीन एवं पारंपरिक खेल पिट्ठू की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य समापन

मंदसौर प्रथम, देवास द्वितीय एवं नीमच तृतीय स्थान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

प्राचीन एवं पारंपरिक खेल पिट्ठू को बढ़ावा देने, युवाओं में खेल भावना विकसित करने तथा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय, गांधी चौराहा, मंदसौर में प्रथम उज्जैन संभाग स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों से आए 136 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मंदसौर ने प्रथम, देवास ने द्वितीय तथा नीमच ने तृतीय स्थान प्राप्त कर गौरव हासिल किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश पिछड़ा मोर्चा के कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार लोकेश पालीवाल ने की। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद प्रमिला गोयल, महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र दवे, सुरेश बोराना, मंदसौर जिला पिट्ठू एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल एवं जिला उपाध्यक्ष विजय कोठारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत गौरव अग्रवाल द्वारा किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरज पाटीदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को मजबूत बनाने का सशक्त माध्यम हैं। पिट्ठू जैसे पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे आयोजनों से इन खेलों को प्रोत्साहन मिलता है और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार लोकेश पालीवाल ने कहा कि आधुनिक खेलों के साथ-साथ पारंपरिक खेलों को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए। पिट्ठू जैसे खेल बच्चों और युवाओं में शारीरिक सक्रियता, आपसी सहयोग, एकाग्रता और खेल भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी पुरानी खेल परंपराओं को जीवित रखने में मदद मिलती है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करने और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।